मारुति ने किया प्लंबिंग दिवस आयोजित

रायपुर, 11 मार्च। विश्व प्लंबिंग काउंसिल के द्वारा 11 मार्च 2010 को पहली बार विश्व प्लंबिंग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक वर्ष 11 मार्च को विश्व प्लंबिंग दिवस मनाया जाएगा। विश्व प्लंबिंग दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य जल, लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के संरक्षण में प्लंबिंग इंडस्ट्री एवं प्लंबर्स की अहम भूमिका के विषय में लोगों में जागरूकता उत्पन्न करना है।

वास्तव में पेशेवर प्लंबिंग, सही तरीके से फिटिंग एवं मरम्मत एक कठिन कार्य है जिसके द्वारा हमारे स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। गलत वाटर सप्लाई या गलत सेनिटेशन सिस्टम लोगों के स्वास्थ्य के समस्या उत्पन्न कर सकता है जिससे की मौत भी सम्भव है। वर्तमान में पूरे विश्व में जिस प्रकार पर्यावरण में अनेक प्रकार के बदलाव नजर आ रहे है ऐसी स्थिति में प्लंबिंग इंडस्ट्री की भूमिका और अहम हो जाती है भले ही वो जल संरक्षण का मामला हो या जल के पुन: उपयोग का मामला हो।

अनेक विकसित देशों में पेशेवर प्लंबिंग अभी भी या तो बहुत सीमित मात्रा में है या नहीं भी है और कुशल प्लंबिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी से विश्व में लोगों को सुरक्षित पेयजल या प्रभावी सेनिटेशन की उपलब्धता क्षीण हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग प्रतिवर्ष तीन लाख से ज्यादा बच्चे 5 वर्ष की उम्र में ही जल जनित रोगों के कारण काल के गाल में समा जाते है जो कि अत्यंत ही चिंता का विषय है। सही प्लंबिंग तकनीकी से इसे बचाया जा सकता है।

वर्ल्ड प्लंबिंग दिवस के अवसर पर पूरे विश्व के प्लंबिंग संगठन, प्लंबिंग इंडस्ट्री के महत्व पर चर्चा हेतु कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। काईटेक इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड उनकी इस पहल के लिए उन्हें बधाई देता है कि उन्होंने जल ऊर्जा एवं पर्यावरण के संरक्षण हेतु विश्व प्लबिंग दिवस कार्यक्रम करने का निर्णय लिया। आखिर सही मात्रा में स्वास्थ्यवर्धक पेयजल उपलब्ध होना आज पूरे विश्व की चिंता का विषय है और वर्ल्ड प्लंबिंग काउंसिल के अलावा लोगों का ध्यान स्वास्थ्यवर्धक पेयजल एवं सेनिटेशन की ओर आकर्षित करने वाला दूसरा कौन हो सकता है।



11 मार्च : विश्व प्लंबिंग दिवस

काईटेक इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड मल्टीलेयर कम्पोजिट पाइप के एक अग्रणी उत्पादनकर्ता है जिन्होंने आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व इस क्रांतिकारी पाइपिंग सिस्टम को भारतवर्ष में पेश किया वह भी तब जब यह विकसित देशों के लिए भी नया था। इस पाइपिंग सिस्टम का उपयोग गर्म एवं ठंडे जल हेतु विभिन्न प्रकार से विभिन्न प्रोजेक्ट में पिछले 15 वर्षों से सफलतापूर्वक किया जा रहा है। यह वर्ल्ड प्लंबिंग दिवस का वार्षिक उत्सव लोगों में प्लंबिंग इंडस्ट्री के द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के क्षेत्र में जागरूकता उत्पन्न करेगा एवं इस इंडस्ट्रीज के महत्व के बारे में एक जागरण का कार्य आम जनता के साथ-साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े विभिन्न घट तथा कांट्रेक्टर, निरीक्षणकर्ता, इंजीनियर्स, फीटर्स एवं उत्पादनकर्ता इत्यादि के मध्य भी करेगा। वर्ल्ड प्लंबिंग दिवस (11 मार्च) का यह अवसर वैश्विक प्लंबिंग इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को या संगठनों को इस इंडस्ट्री की महती भूमिका के बारे में जागरण अभियान चलाने हेतु वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करेगा।

अपने भारतवर्ष में ज्यादातर प्लंबर अशिक्षित है। काईटेक इंडस्ट्री (इंडिया) लिमिटेड के द्वारा सम्पूर्ण भारत देश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम उनके मार्केटिंग नेटवर्क के माध्यम से अपने इन प्लंबर बंधुओं को जागरूकता बनाने हेतु एवं लोक स्वास्थ्य के विषय में उनकी महत्वपूर्ण भूमि तथा जिम्मेदारी का अनुभव उनको कराने हेतु किया जा रहा है।

इस कड़ी में संजीव रूंगटा मारूति ट्रेडर्स ने जानकारी दी कि काईटेक कंपनी के स्थानीय वितरक मारूति ट्रेडर्स द्वारा रायपुर शहर की विभिन्न दिशाओं में दस से पंद्रह स्थानों का चयन किया गया है तथा इन सभी स्थानों पर सभी प्लंबर बंधुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। इन सभी स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सभी प्लंबर बंधुओं को विश्व काउंसिल के बैनर, पोस्टर एवं विभिन्न प्रकार के साहित्य उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मोटरसाइकिल की डिक्की से रुपए पार

अंबिकापुर, 11 मार्च। कल शाम लगभग 4 बजे दरिमा क्षेत्र के निवासी विजय कुमार सिंह आ0 अमृत सिंह उम्र 44 वर्ष द्वारा अपनी मोटर साईकिल से अपनें निजी कार्य से स्थानीय डी0ई0ओ ऑफिस आया था तथा अपनी मोटर साईकिल ऑफिस के सामनें खडी कर ऑफिस के भीतर गया था उसी दौरान अज्ञात चोरो द्वारा उ1त मोटर साईकिल के डि1की में रखा 1100 रूपये नगद एवं पास बुक पार दिया पुलिस नें चोरी की इस मामलें में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 379 का अपराध दर्ज किया है।

गाली गलौच, मारपीट, जुर्म दर्ज

अंबिकापुर। कल शाम लगभग 3 बजे मनेन्द्रगढ़ अहमद कॉलोनी निवासी अनुज कुमार विश्वकर्मा द्वारा नगर थानें में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि स्थानीय नमना कला, महामाया डीजल गैरेज के पास आरोपी कपिल यादव निवासी बाबुपारा द्वारा उसका रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुये मारपीट की गयी और जान से मारनें की धमकी दी गयी है। पुलिस नें अनुज कुमार विश्वकर्मा एवं 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

छोटी सी बात

बीमा करवाते हुए शर्तों को ध्यान से सुनें। जब बीमा कंपनी का अफसर या एजेंट शर्तें बता रहा हो तो उन्हें बताकर टेबिल पर टेप रिकॉर्डर शुरू कर दें। आपसे झूठे वायदे नहीं होंगे।

सेहत

कम भूख लगना एक बीमारी

वज़न कम करने के लिए कम भोजन करना या मोटे होने के डर से भूख का कम लगना भी एक बीमारी है। इस बीमारी को ऐनेरोक्सिया नर्वोसा कहा जाता है जिन लोगों को यह बीमारी होती है वे लोग कम वज़न होने के बावजूद भी मोटे होने की भावना से ग्रसित होते हैं।

ऐनेरोक्सिया की बीमारी दो प्रकार की होती है, पहली वो जिसमें लोग अपना वज़न कम करने के लिए कम खाते हैं और दूसरी वह जिसमें लोग बिल्कुल खाना छोड़ देते हैं। इस बीमारी का कोई प्रमुख कारण नहीं है लेकिन यह बीमारी किसी शारीरिक, मानसिक या सामाजिक परेशानी की वजह से उत्पन्न हो सकती है। कुछ लोगों में यह बीमारी अनुवांशिक होती है। इस बीमारी से ग्रसित लोगों में दिमाग में पाया जाने वाला कोर्टिसॉल हारमोन की मात्रा ज़्यादा हो जाती है और भावनाओं से संबंधित हारमोन की मात्रा कम हो जाती है। इस बीमारी मे लक्षणों का आसानी से पता लगाया जा सकता है। जिन लोगों को यह बीमारी होती है वे वज़न कम करने के लिए हमेशा कम आहार लेना पसंद करते है।

शारीरिक कारण-इसके शारीरिक कारणों में शामिल हैं-अचानक अधिक वज़न का कम होना, बालों का टूटना, रूखी त्वचा, कमज़ोर नाखून, चक्कर आना, कम रक्तचाप आदि।

मानसिक कारण- कमज़ोर याददाश्त, निर्णय लेने में परेशानी, जल्द ही चिढ़ जाना आदि।

आचरण संबंधित कारण-खाने की मात्रा और उससे मिलने वाली ऊर्जा के बारे में गहन चिंतन, खाने में छोटे-छोटे भागों में तोड़कर खाना, भूख ना लगने का बहाना बनाना आदि।

यह बीमारी जितनी मामूली लगती है, उतनी है नहीं। इस बीमारी से ग्रसित 50 प्रतिशत लोग भूख और कमज़ोरी की वजह से अपनी जान खो देते हैं। इसकी वजह से किडनी, लीवर और दिल से जुड़ी बिमारियाँ होने का खतरा भी होता है। इस बीमारी के इलाज के लिए तुरंत ही चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। इसके इलाज का प्रमुख भाग वजन बढ़ाने पर ध्यान देना होता है जिसके लिए कई पद्धतियों का प्रयोग किया जाता है जैसे-न्यूट्रिशन्ल थेरेपी, काउन्सलिंग, ग्रुप थेरेपी आदि।

By Health-Watch

मुख्यमंत्री आज करेंगे अंबिकापुर-जबलपुर ट्रेन का शुभारंभ

अंबिकापुर, 11 मार्च। प्रदेश के मुख्यमंत्री रमन सिंह आज अंबिकापुर में हरी झंडी दिखाकर बहुप्रीक्षित अंबिकापुर-जबलपुर-अंबिकापुर त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। वे अपरान्ह 2.45 बजे स्टेट प्लेन द्वारा रायपुर से रवाना होकर 3.30 बजे अंबिकापुर के दरिमा हवाई पट्टी पहुंचेंगे। यहां से वे कार से 3.55 मिनट पर अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और 4 बजे से 4.40 बजे तक शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि यह ट्रेन 12 मार्च को अंबिकापुर एवं जबलपुर के मध्य स्पेशल के रूप में अपरान्ह 4 बजे 1266 ए नं. के साथ चलेगी। नियमित रूप से 1265 जबलपुर-अंबिकापुर त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस 14 मार्च से जबलपुर से प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार को अपरान्ह 2.15 बजे छूटेगी। इस गाडी में 2 एस.आर.डी. 4 सामान्य कोच, 5 चेयरकार कोच मिलाकर कुल 11 कोच होंगे अ6बिकापुर-जबलपुर के मध्य इस ट्रेन का ठहराव बिश्रामपुर बैंकुठपुर रोड, बिजुरी, कोतमा, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, सिरोह रोड कुल 9 स्टेशनों पर निर्धारित किया गया है।

स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप हो निर्माण

अंबिकापुर, 11 मार्च। विकेन्द्रीकृत, एकीकृत एवं सहभागी जिला योजना निर्माण के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बुधवार 10 मार्च को जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर राज्य योजना बोर्ड के अधिकारियों एवं जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय देवांगन द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर श्री देवांगन नें कहा कि योजनाओं का निर्माण ग्राम स्तर से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना निर्माण से पूर्व इसके प्रतिभागियों का क्षमता विकास किया जाना भी आवश्यक है। राज्य योजना बोर्ड की परियोजना अधिकारी सुश्री घोष नें बताया कि देश के 7 राज्यों के 35 जिलों का चयन विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण हेतु किया गया है। उन्होनें बताया कि विशेष विकासात्मक जरूरतों के दृष्टिगत रखकर राज्य योजना बोर्ड द्वारा प्रदेश के 5 जिलों-सरगुजा, जशपुर, कोरबा, महासमुन्द, एवं कांकेर का चयन किया गया है। इस अवसर पर राज्य योजना मण्डल के संयु1त सचिव श्री एच.एस तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री भीम सिंह, जिला योजना एवं सां2यकी कार्यालय के उप संचालक श्री एन. बुलीवाल सहित सभी विभागों के विभाग प्रमुख एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपलन अधिकारी उपस्थित थे।



जेल में लगा मोबाइल जैमर

अंबिकापुर, 11 मार्च। जिले के केन्द्रीय करागार अ6बिकापुर में मोबाईल जैमर स्थापित हो जानें से कारागार से संचालित होनें वाले अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगनें की कुछ उ6मीद है केन्द्रीय करागार परिसर में लगाये गये जैमर में किसी प्रकार का छेड़छाड़ न होनें पाए, इसके लिये जेल प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं बिजली गुल हो जाने की स्थिति में भी जैमर नामक यंत्र अपना काम करता रहेगा।

विदित हो कि केंद्रीय कारागार के अंदर से मोबाईल फोन के माध्यम से अपराधिक गतिविधियों को बखुबी अंजाम दिये जानें के मामलें में स्थानीय केंद्रीय कारागार पूर्व से ही संदिगध अवस्था में रहा है इस बात को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार की योजना के अनुसार समूचे प्रदेश भर के सभी जेलों में मोबाइल जैमर लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। केन्द्रीय कारागार के जेलर ने बताया कि वर्तमान में जैमर संयत्र के काम करने की दूरी 50 मीटर रखी गई है।

कार्लोस स्लिम सबसे धनी व्यक्ति

दुनिया के धनी व्यक्तियों की सूची में एक समय अमरीका और यूरोपीय देशों का वर्चस्व था। लेकिन अब इस सूची में अब एशियाई देशों का भी दखल बढ़ा है। अमरीकी पत्रिका फोर्ब्स के मुताबिक दुनिया के नए अरबपतियों में करीब दो तिहाई लोग एशिया से आते हैं। नई सूची में एशिया के 234 लोग शामिल हैं।

फोर्ब्स ने दुनिया के सबसे धनी व्यक्तियों की नई सूची जारी की है और पिछले 16 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है कि इस सूची में शीर्ष पर कोई अमरीकी नहीं है। फोर्ब्स के मुताबिक मैक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम इस समय दुनिया के सबसे धनी व्यक्ति हैं। मैक्सिको की दूरसंचार कंपनी टेलमेक्स के मालिक स्लिम ने माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स को दूसरे नंबर पर धकेल दिया है जबकि अमरीकी निवेशक वॉरेन बफेट तीसरे नंबर पर हैं। भारत के मुकेश अंबानी इस सूची में चौथे और लक्ष्मी मित्तल पाँचवें नंबर पर हैं। फोर्ब्स के मुताबिक कार्लोस स्लिम की कमाई 53.5 अरब डॉलर है, जो पिछले साल के मुकाबले 18.5 अरब डॉलर ज़्यादा है।



पत्रिका के मुताबिक बिल गेट्स की कमाई 53 अरब डॉलर और बफेट की कमाई 43 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी की संपत्ति 29 अरब डॉलर की है जबकि लक्ष्मी मित्तल 28.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ उनसे ज़्यादा पीछे नहीं हैं।

पिछला साल उद्योगपतियों के लिए काफी मुश्किल भरा रहा और अरबपतियों की फोर्ब्स की सूची से 332 लोगों के नाम गायब हो गए लेकिन इस सूची में अरबपतियों की संख्या 793 से बढकर 1011 हो गई है। सबसे ज़्यादा फायदे में रहे ब्राजील में खनन का काम करने वाले आइक बटिस्टा, जो पहली बार 10 शीर्ष लोगों की सूची में शामिल हुए हैं। उनकी संपत्ति में 19.5 अरब डॉलर की बढ़ोत्तरी हुई है और अब ये 27 अरब डॉलर है। बटिस्टा नई सूची में आठवें नंबर पर हैं।

फ्रांस के बर्नार्ड अर्नो सातवें नंबर हैं और उनकी संपत्ति 27.5 अरब डॉलर की है। पत्रिका की नई सूची ने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत भी दिए हैं।

महिला दिवस मनाया गया

चिरमिरी, 11 मार्च। विश्व महिला दिवस के अवसर पर करासिया एसईसीएल हॉस्पिटल एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आजाद नगर गोदरीपारा में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉक्टरों पर लगाए गए आरोप और दुर्व्यवहार का निंदा की

छत्तीसगढ़ संवाददाता

चिरमिरी, 11 मार्च। डॉक्टर्स क्लब गोदरीपारा में विगत दिनों इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को एक आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। जिसमें चिरमिरी क्षेत्र के लगभग सभी डॉक्टरों ने हिस्सा लेते हुए पिछले कुछ समय से चिकित्सालय एवं चिकित्साकर्मियों पर लगाए जा रहे आरोपों एवं दुर्व्यावहार पर निन्दा व्यक्त करते हुए चिन्ता व्यक्त की गई।

इस आपातकालीन बैठक में मुख्यरूप से तीन घटनाओं पर चर्चा हुई। जिसमें 3 मार्च को पोड़ी कालरी चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. धर के साथ पोड़ा निवासी रामकिंकर शराब के नशे में इलाज करवाने गए। डॉ. धर ने उनका प्राथमिक उपचार कर अग्रिम ईलाज के लिए क्षेत्रिय चिकित्सालय के लिए भेज दिया। फिर 6 मार्च को सुबह 7.30 बजे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. धर के घर जाकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी।

इसी प्रकार दूसरी घटना में पिछले दिनों क्षेत्रिय चिकित्सालय में चिरमिरी ओसीएम में कार्यरत एनके श्रीवास्तव की पत्नी को गंभीर अवस्था में भर्ती होने के पश्चात उपचार के दौरान हुई मृत्यु पर चिकित्सकों व चिकित्साकर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाए जा रहे है। जबकि उक्त केश की वस्तुस्थिति यह थी कि मरीज विगत तीन सालों से गुर्दा की बिमारी की वजह से हीमोडायलिसिस पर थी। उसे चिकित्सालय में लाने के काफी दिनों पूर्व सांस की तकलीफ थी, जिसे गंभीर बिमारी के कारण फेफड़ों में पानी जमा हो जाने से होने वाली इस अवस्था में मरीज को किसी भी तरह से ईलाज कर बचा पाना असंभव सा होता है। जहां तक ऑक्सीजन की कमी के कारण मृत्यु का सवाल है।

उक्त मरीज को तुरंत ऑक्सीजन लगाया गया था। पहले ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने पर उसे बदलने में जो 3-4 मिनट का समय लगा वह उसकी मृत्यु का कारण कदापि नहीं हो सकता।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक

उक्त घटना में जिस तरह से चिकित्सालय एवं चिकित्साकर्मियों पर आरोप लगाए जा रहे है उससे क्षेत्र के समस्त डॉक्टर एवं चिकित्साकर्मियों मानसिक रूप से आहत व आक्रोशित है। जिसका प्रभाव उपचार पर भी पड़ सकता है। इस पर समस्त चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी की यह मांग है कि उन्हें चिरमिरी से कहीं अंयंत्र स्थानान्तरित कर उनके स्थान पर नए चिकित्सक व चिकित्साकर्मी लाए जाएं।

इसी प्रकार पिछले दिनों एनसीपीएच कालरी के मैनेजर श्री मित्रा के साथ हुई मारपीट की घटना पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चिरमिरी ने घोर निंदा व्यक्त की। बैठक में प्रमुख रूप से आईएमए के चिरमिरी अध्यक्ष डॉ. एएम गाजरे सचिव डॉ. आरसी बावरिया, डॉ. संजय कुमार, डॉ. एसके सिन्हा, डॉ. वीएन सिंह, डॉ. ए वोरा, डॉ. श्रीमती वोरा, डॉ. नम्रता सिंह, डॉ. हलधर, डॉ. एसके धर, डॉ. मुखर्जी, डॉ. बलदेव प्रसाद, डॉ. यादव, डॉ. वीपी सिंह, डॉ. एमपी आनंद, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. सरला सौसरकर, डॉ. श्रीमती मिंज व अन्य उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित

क्र. स.यं. (सु)/नसंप/38/3410 दि. 10.03.2010

विद्युत अवरोध की सूचना

वर्षा पूर्व 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों एवं लाईनों में आवश्यक सुधार कार्य हेतु दिनांक 11.03.2010 दिन-गुरूवार को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक निम्नलिखित क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी। असुविधा के लिये खेद है।

फीडर का नामः- 11 के.व्ही. संतोषी नगर फीडर

प्रभावित क्षेत्रः- संतोषी नगर, संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड, शिवनगर, बालकृष्ण अग्रवाल गिट्टी खदान, तक्ष्य दा बाजार, कृष्णा नगर, मैत्री नगर, वैद्यमुखी प्रेस एवं आसपास के क्षेत्र आदि।

फीडर का नामः- 11 के.व्ही. दावड़ा कालोनी फीडर

प्रभावित क्षेत्रः- संतोषी नगर चौक, पचपेढ़ी नाका, नवजीवन सोसायटी, दावड़ा कालोनी, रीना अपार्टमेन्ट, गेमन हेल्थ केयर एवं आसपास के क्षेत्र आदि। आवश्यकतानुसार उल्लेखित समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

नोटः विद्युत शिकायत केन्द्रः लाखे नगर :2574799 व 4066886

प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक (सम्पूर्ण सप्ताह अवकाश के दिन सहित)

व्ही. ए. देशमुख (कार्यपालन यंत्री)

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा की बचत करें

OBEROI TOURS & TRAVELS

INTERNATIONAL PACKAGES

DUBAI MAURITIUS | THAILAND MALAYSIA | SINGAPORE & CRUISE

K.K. ROAD, OPP. HOTEL ADITYA, RAIPUR, PH: 2539977#88

RAIPUR-DELHI 0800-0950 0835-1125 1915-2130	JET KONNECT AIR INDIA KINGFISHER	DELHI-RAIPUR 0540-0725 0620-0800 1650-1845
RAIPUR-MUMBAI 0910-1050 1235-1615	JET LITE AIR INDIA	MUMBAI-RAIPUR 0700-0840 1025-1155
RAIPUR-HYDERABAD 1950-2135 1135-1315	KINGFISHER JET	HYDERABAD-RAIPUR 0800-0945 1440-1615
RAIPUR-BHOPAL 1645-1815	JET	BHOPAL-RAIPUR 0935-1105
RAIPUR-INDORE 0835-1040 1645-1930	KINGFISHER JET	INDORE-RAIPUR 1725-1930 0820-1105
RAIPUR-AHMEDABAD 1645-2120 0835-1240	JET KINGFISHER	AHMEDABAD-RAIPUR 0630-1105 1550-1930
RAIPUR-KOLKATA 2000-2200 1015-1230	KINGFISHER KINGFISHER	KOLKATA-RAIPUR 0555-0805 1715-1920
RAIPUR-NAGPUR 0805-0845 AIR INDIA	PUNE-RAIPUR 0550-0945 KINGFISHER	RAIPUR-BHUBANESHWAR 1235-1335 AIR INDIA

NAINITAL MANALI, GOA, KASHMIR, KERELA, GANGTOK

MALDIVES, MAURITIOUS, THAILAND, MALAYSIA, SINGAPORE, EUROPE

PASSPORT* *APPROVED Agency by Govt.of India | IATA | VISA

Lowest Through Fares Available for Bangalore, Chennai, Tirupati, Goa, Etc.

सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित

छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंबिकापुर, 11 मार्च। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में सत्र 2010-11 की कक्षा 6 में प्रवेश के लिये आयोजित परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों का मेडिकल फिट होना अनिवार्य है परीक्षा परिणाम इस तरह से है।

11005,11007,11013,11020,11031,11036,11042, 11046,11068,11074, 11076,11097,11127,11135,11142,11163,11164, 11166,11171,11189, 11197,12022,12061,12089,12136,13024,13026, 13049,13073,13079 13101,13108,14020,14036,14038,16003

प्रतीक्षा सूची: मेघा सूची पर आधारित

11085,11034,11122,11116,11015,11131,13091, 11086,13048,11208, 11125,11018,11050,11209

वर्ग सामान्य-अन्य राज्य

चयनित अभ्यार्थी रोल नं. क्र क्रमानुसार

21225,21246,21270,21293,21307,21313,21327, 31335,21342,21351 21360,22197,23121,23136,23140,23141,23142, 24053

प्रतिक्षा सूची मेघा सूची पर आधारित

24052,23127,23118,23145,21260,21310,23146, 24049

वर्ग रक्षा छत्तीसगढ

चयनित अभ्याथी रोल नं. के क्रमानुसार

31364,32232,32235

प्रतीक्षा सूची मेघा सूची पर आधारित

निरंक

वर्ग रक्षा-अन्य राज्य

चयनित अभ्यार्थी रोल नं. के क्रमानुसार

42237,42238

प्रतीक्षा सूची मेघा सूची पर आधारित

निरंक

वर्ग अनुसूचित जाति

चयनित अभ्यार्थी रोल नं. क्रमानुसार

51366,53170,51371,51384,51387,51388,51389, 53163,53172,53176 54082,54085

प्रतीक्षा सूची मेघा सूची पर आधारित

53173,54086,53166,51368,51375,53177

वर्ग अनुसूचित जनजाति

चयनित अभ्यार्थी रोल नं. के क्रमानुसार

61391,61397,61407,61430,61444,61449,63180, 64092,65015

प्रतीक्षा सूची मेघा सूची पर आधारित

66038,65024

N.M.D.C. Limited

(A Govt. of India Enterprise) (An ISO-9002 Company)

BIOM, KIRANDUL COMPLEX

Kirandul-494556, Dantewada South Baster, Chhattisgarh

No. BIOM-KDL. COMP./Civil/8175/2010 Date: 05.03.2010

CORRIGENDUM

Ref: Notice Inviting Tender No. BIOM.Kdl.Comp/CIVIL/7739/2009 dt. 20.12.2009 and subsequent Corrigendums No.
(i) BIOM.KDL.COMP/Civil/7896/2010, dt. 29.01.2010
(ii) BIOM.KDL.COMP/Civil/8047/2010, dt. 216.02.2010

In continuation of Press Notification dt: 20.12.2009 & Corrigendums dt 29.01.2010 & 16.02.2010 published in various News Papers for the following work, the date of sale, submission and opening of tenders are hereby EXTENDED as under :

Sl. No.	Name of the work	Last date of Sale of Tender Documents	Date of submission of Tenders	Date & Time of Opening of Tenders
1	CONSTRUCTION OF ROADS, RCC DRAINS AND EXTERNAL WATER SUPPLY PIPELINE TO NEW TYPE III (108 UNITS) NEAR FOOTBALL GROUND OF PRAKASH VIDYALAYA AT KIRANDUL	22.03.2010 upto 1600 Hours	23.03.2010 upto 15.00 Hours	23.03.2010 upto 15.30 Hours

All other terms and conditions will remain unaltered. For details, please see our website www.nmdc.co.in

General Manager
BIOM, KIRANDUL COMPLEX